CAREERS 360




# CG board Class 12 Economics

## Sample Paper

प्रादर्श प्रश्नपत्र – I

विषय – अर्थशास्त्र (303)

**Subject - Economics**

कक्षा 12वीं

समय – 3 घण्टे | पूर्णांक – 80

Time – 3 hours | M.M. - 80

---

निर्देश :– (i) सभी प्रश्नों को हल कीजिए।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 8 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 9 से 12 तक लघुउत्तरीय प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द – सीमा 50 शब्द है)

(iv) प्रश्न क्रमांक 13 से 18 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द – सीमा 75 शब्द है)

(v) प्रश्न क्रमांक 19 से 24 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द – सीमा 250 शब्द है)

अतिलघुउत्तरीय प्रश्न। प्रश्नों के उत्तर एक शब्द / एक वाक्य में लिखिए –

प्रश्न 1. – तटस्थता वक्र का झुकाव होता है। (1)

प्रश्न 2. – टमाटर का बाजार मुख्य रूप से किस प्रकार का बाजार है? (1)

प्रश्न 3. – चेक किस प्रकार की मुद्रा है? (1)

प्रश्न 4. – किस खाते में जमा राशि पर अधिक ब्याज दर प्राप्त होती हैं? (1)

प्रश्न 5. – घाटे का बजट का एक प्रभाव लिखिए ? (1)

प्रश्न 6. – कर वंचन क्या है? (1)

प्रश्न 7.– भारत के भुगतान सन्तुलन की स्थिति कैसी हैं? (1)

प्रश्न 8.– अवमूल्यन किसे कहते हैं? (1)

प्रश्न 9.– लागत वक्रों की आकृति 'U' के समान होने के कोई तीन कारण लिखिए ? (3)

प्रश्न 10.– क्षेत्र के आधार पर किन्हीं तीन बाजारों को समझाइये? (3)

प्रश्न 11.– बचत को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन तत्वों को समझाइये? (3)

प्रश्न 12.– राजकोषीय नीति तथा मौद्रिक नीति में तीन अन्तर स्पष्ट कीजिए ? (3)

प्रश्न 13.– व्यष्टि एवं समष्टि अर्थशास्त्र एक – दूसरे के प्रतियोगी नहीं अपितु पूरक हैं इस कथन को तर्क देकर समझाइये? (4)

अथवा

मिश्रित अर्थव्यस्था की चार विशेषताएं लिखिएं?

CAREERS360

प्रश्न 14.– उत्पादन फसल की किन्हीं चार लक्षणों की व्याख्या कीजिए ? (4)

अथवा

फर्म के संतुलन को परिभाषित करते हुए फर्म के सन्तुलन की कोई तीन शर्ते लिखिए ?

प्रश्न 15.– किसी देश के उत्पादन से संबंधित निम्नलिखित सूचनाएं दी हुई हैं :– (4)

| मदें (item) | रूपये (करोड़ में) Rs. (Caror) |
|---|---|
| (i)उपभोक्ता वस्तुएं व सेवाएं (Consumer Goods & Services) | 9300 |
| (ii)पूंजीगत वस्तुएं व सेवाएं (Capital Goods & Services) | 6100 |
| (iii) घिसावट व्यय (Depriciation Exp.) | 900 |
| (iv) निर्यात (Export) | 2000 |
| (v) आयात (Import) | 1800 |

उपर्युक्त सूचनाओं के आधार पर निम्न की गणना कीजिए –

(अ) सकल घरेलू उत्पाद (ब) शुध्द घरेलू उत्पाद

अथवा

निम्नलिखित आंकड़ों के आधार पर ज्ञात कीजिए ?

(अ) निजी आय (ब) व्यक्तिगत आय

| मदें | रूपये (करोड़ में) |
|---|---|
| 1. घरेलू आय | 82041 |
| 2. शुध्द विदेशी अवशेष | 1070 |
| 3. सार्वजनिक क्षेत्र की बचत | 464 |
| 4. निगम कर | 1251 |
| 5. प्रत्यक्ष कर | 2100 |

प्रश्न 16. – राजकोषीय घाटे से सरकार को ऋण – ग्रहण की आवश्यकता होती है, समझाइये?

अथवा (4)

क्या चालू पूंजीगत घाटा खतरे का संकेत होगा। व्याख्या कीजिए ?

प्रश्न 17.– व्यापार सन्तुलन एवं भुगतान सन्तुलन में चार अंतर लिखिए ? (1 × 4 = 4)

अथवा

भुगतान शेष में असन्तुलन को ठीक करने के किन्हीं चार उपायों को लिखिए ?

प्रश्न 18. – एक अच्छे मुद्रा पदार्थ के कोई चार गुण लिखिए ? (1 × 4 = 4)

अथवा

बैंकों के चार महत्व लिखिए ?

प्रश्न 19.– मांग के नियम के अपवादों को वर्णन कीजिए ? (कोई छः) (1 × 6 = 6)

अथवा

उदासीनता वक्रों की किन्ही छः विशेषताओं की व्याख्या कीजिए ?

CAREERS360

प्रश्न 20.– उपभोक्ता सन्तुलन से आप क्या समझते हैं? उपभोक्ता सन्तुलन की मान्यताएं एवं दशाएं स्पष्ट कीजिए ? (2×3 = 6)

अथवा

उपभोक्ता का बजट सेट तथा कीमत (बजट) रेखा को संक्षिप्त में समझाइये?

प्रश्न 21.– कुल, औसत, एवं सीमान्त आय को एक काल्पानिक तालिका द्वारा रेखाचित्र की सहायता से समझाइये? (2×3 = 6)

अथवा

परिवर्तनशील अनुपातों के नियम की व्याख्या रेखाचित्र की सहायता से कीजिए ?

प्रश्न 22.– पूर्ण प्रतियोगिता तथा अपूर्ण प्रतियोगिता बाजार में अंतर लिखिए? (किन्ही छः बिन्दु पर) (1×6 = 6)

अथवा

एकाधिकार तथा एकाधिकारी प्रतियोगिता में अन्तर स्पष्ट कीजिए ? (किन्ही छः बिन्दु पर)

प्रश्न 23.– भारत की राष्ट्रीय आय में धीमी वृध्दि के छः कारणों को समझाइये? (1×6 = 6)

अथवा

सकल राष्ट्रीय आय का आशय लिखिए। तथा राष्ट्रीय आय का महत्व लिखिए ? (कोई चार)

प्रश्न 24.– अत्याधिक मांग के किन्ही छः प्रभावों को समझाइये? (1×6 = 6)

अथवा

कीन्स के सिध्दान्तों की किन्ही छः आलोचनाएं लिखिए?

————0000————

CAREERS360

प्रादर्श प्रश्नपत्र – II
विषय – अर्थशास्त्र (303)
**Subject - Economics**
कक्षा 12वीं

समय – 3 घण्टे | पूर्णांक – 80
Time – 3 hours | M.M. - 80

---

निर्देश :– (i) सभी प्रश्नों को हल कीजिए।
All Question are Compulsary

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 से 8 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।
Question Nos. 1 to 8 are very short answer type questions each question carries 1 Mark.

(iii) प्रश्न क्रमांक 9 से 12 तक लघुउत्तरीय प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द – सीमा 50 शब्द है)
Question Nos. 9 to 12 are Short answer type questions each question carries 3Marks. (Maximum word limit is 50 words)

(iv) प्रश्न क्रमांक 13 से 18 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द – सीमा 75 शब्द है)
Question Nos.13 to 18 are Short answer type questions each question has internal choice each question carries 4 Marks. (Maximum word limit of 75 words)

(v) प्रश्न क्रमांक 19 से 24 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है।प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। (उत्तर की अधिकतम शब्द – सीमा 250 शब्द है)
Question Nos.18 to 24 are long answer type questions each question has internal choice each question carries 6 Marks. (Maximum word limit of 250 words)

प्रश्न 1.– उपभोक्ता की बचत का आधार क्या है? (1)

प्रश्न 2.– अल्पाधिकार में मांग वक्र कैसा होता है? (1)

प्रश्न 3.– व्यापार चक्र मुद्रा का कौन सा दोष है? (1)

प्रश्न 4.– बैंक जमाओं के आधार पर ऋण देकर किसका सृजन करते हैं? (1)

प्रश्न 5.– प्रत्यक्ष कर के दो उदाहरण लिखिए ? (½+½=1)

प्रश्न 6.– दृश्य मदों से क्या आशय है? (1)

प्रश्न 7.– व्यापार संतुलन = ? (½+½=1)

प्रश्न 8.– आर्थिक विकास के लिए कौन सा बजट उपर्युक्त होता है? (1)

प्रश्न 9.– कीमत विशलेषण में आगम धारणाओं को कोई तीन महत्व लिखिए ? (1×3=3)

प्रश्न 10.– एकाधिकृत प्रतियोगिता की कोई तीन विशेषताएं लिखिए ? (1×3=3)

प्रश्न 11.– सीमांत बचत प्रवृत्ति को समझाइये? (3)

प्रश्न 12.– समग्र मांग के कोई तीन घटक लिखिए ? (1×3=3)

प्रश्न 13.– उत्पादन संभावना वक्र नीचे की ओर ढाल होता है क्यों? (1+1+1+1=4)

अथवा

समष्टि अर्थशास्त्र के कोई चार महत्व लिखिए ?

CAREERS360

प्रश्न 14.– निम्नलिखित तालिका श्रम की सीमांत उत्पाद अनूसूची देती है। यह भी दिया गया है कि श्रम का कुल उत्पाद शून्य है प्रयोग के शून्य स्तर पर श्रम के कुल उत्पाद तथा औसत उत्पाद की अनुसूची की गणना कीजिए ? (2+2=4)

| L | सीमांत उत्पाद |
|---|---|
| 1 | 3 |
| 2 | 5 |
| 3 | 7 |
| 4 | 5 |
| 5 | 3 |
| 6 | 1 |

अथवा

फर्म की अल्पकालीन सीमांत लागत अनुसूची निम्नलिखित में ही गई है। फर्म की स्थिर लागत 100रू. है। फर्म की कुल परिवर्ती लागत , कुल लागत, औसत परिवर्ती लागत तथा अल्पकालीन औसत लागत अनुसूची निकालिए ?

| 9 | कुल लागत |
|---|---|
| 0 | — |
| 1 | 500 |
| 2 | 300 |
| 3 | 200 |
| 4 | 300 |
| 5 | 500 |
| 6 | 800 |

प्रश्न 15. – राष्ट्रीय आय एवं निजी आय में अंतर स्पष्ट कीजिए ? (कोई चार) (2+2=4)

अथवा (OR)

सकल घरेलू उत्पाद एवं सकल राष्ट्रीय उत्पाद में अंतर स्पष्ट कीजिए।(कोई चार)

प्रश्न 16. – मुद्रा की सट्टा मांग और ब्याज दर में विलोम संबंध क्यों होता हैं? (1×4=4)

अथवा (OR)

व्यावसायिक बैंकों के कार्यो को लिखिए। (कोई चार)

CAREERS360

प्रश्न 17.– राजकोषीय घाटे से सरकार को ऋणग्रहण की आवश्यकता होती है? समझाईए। (4)

अथवा

बजट की प्रमुख विशेषताएं लिखिए। (कोई चार)

प्रश्न 18. – भुगतान शेष में असंतुलन को ठीक करने के उपायों का वर्णन कीजिए। (कोई चार)

अथवा

स्थिर विनियम दर के पक्ष में कोई चार तर्क दीजिए। (1×4=4)

प्रश्न 19. – मांग के नियम की तालिका एवं रेखाचित्र द्वारा व्याख्या कीजिए। (2×3=6)

अथवा

सीमांत उपयोगिता एवं कुल उपयोगिता के मध्य संबंध को तालिका एवं रेखाचित्र द्वारा स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 20. – मांग की लोच की माप की प्रतिशत या अनुपातिक विधि को समझाईए। (6)

अथवा

मांग को प्रभावित करने वाले प्रमुख छः तत्वों को समझाईए।

प्रश्न 21. – उत्पादन फलन को परिभाषित करते हुए पैमाने के बढ़ते प्रतिफल एवं पैमाने के घटते प्रतिफल को रेखाचित्र सहित समझाईए। (6)

अथवा

अल्पकाल की संकल्पना को परिभाषित कीजिए। कुल उत्पाद, औसत उत्पाद तथा सीमांत उत्पाद की अवधारणा को समझाईए।

प्रश्न 22.– मांगें के परिवर्तन का संतुलन मूल्य पर क्या प्रभाव पड़ता है। रेखाचित्र द्वारा समझाईए। (3+3=6)

अथवा

बाजार मूल्य का अर्थ लिखिए। अतिअल्पकाल के बाजार का मूल्य निर्धारण पर क्या प्रभाव पड़ता है? लिखिए। (2+4=6)

प्रश्न 23.– निम्नलिखित आंकड़ो से वैयक्तिक आय और वैयक्तिक प्रयोज्य आय की गणना कीजिए। (3+3=6)

| मदें | रूपये (करोड़ में) |
|---|---|
| 1.कारक लागत पर निवल घरेलू उत्पाद | 800 |
| 2.विदेशों से प्राप्त निवल कारक आय | 200 |
| 3. अतिरिक्त लाभ | 1000 |
| 4. निगमकर | 500 |
| 5. परिवार द्वारा प्राप्त ब्याज | 1500 |
| 6. परिवारों द्वारा भुगतान किया गया ब्याज | 1200 |
| 7. अंतरण आय | 300 |
| 8. वैयाक्तिक कर | 500 |

CAREERS360

अथवा

निम्नलिखित सूचनाओं के आधार पर सकल घरेलू उत्पाद एवं शुध्द घरेलू उत्पाद ज्ञात कीजिए।

| मदें | रूपये (करोड़ में) |
|---|---|
| 1.उपभोक्ता वस्तुओं का मूल्य | 12000 |
| 2.उपभोक्ता सेवाओं का मूल्य | 4800 |
| 3. पूंजीगत वस्तुओं का मूल्य | 6200 |
| 4. पूंजीगत सेवाओं का मूल्य | 1200 |
| 5. मूल्यह्वास | 800 |

प्रश्न 24. – प्रभावी मांग का क्या आशय है? प्रभावी मांग के उत्पन्न होने के क्या कारण है? लिखिए। (2+4=6)

अथवा

उपभोग प्रवृत्ति से क्या आशय है? औसत उपभोग प्रवृत्ति तथा सीमांत उपभोग प्रवृत्ति का अंतर स्पष्ट कीजिए। (2×3=6)

——————0000——————

CAREERS360